वॉइस ओवर रिकॉर्डिंग के लिए दिशा निर्देश

1. वो व्यक्ति जो नई भाषा में वॉइस ओवर रिकॉर्डिंग कर रहा है वो अपनी आवाज में रिकॉर्डिंग करने में निपूर्ण होना चाहिये, आमतौर पर यह सर्वश्रेष्ठ है कि किसी को रेडियो स्टेशन से इस काम के लिए लिया जाय।
2. यदि जो व्यक्ति रिकॉर्डिंग कर रहा है उसने अनुवाद नहीं किया है तो उसे आलेख को पढ़ने का अवसर दें और वीडियो देखने दें। उसे आलेख में कुछ सुधार करने दें जिससे कि बोले जाने वाले शब्दों को प्रवाह मिले।
3. किसी एक कार्यक्रम के सभी वॉइस ओवर, **शीर्षक समेत,** एक ही समय में किया जाय। अन्यथा व्यक्ति की आवाज के सुर और / या कमरे की श्रवणगम्यता बदल जावेगी।.
4. वॉइस ओवर व्यक्ति के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध करें।
5. यदि आप zoom H 1 ऑडियो रिकॉर्डर काम में ले रहे है तो पहले रिकॉर्डिंग के लिए उपयुक्त स्थान खोज लें।
6. यदि आप स्टूडियो में नहीं है तो माइक्रोफोन के इर्द गिर्द बेहतर श्रवणगम्यता के लिए कोई नरम वस्तु जैसे कम्बल या तकिया काम में लें।.
7. आदर्शरूप में ऑडियो फाइल को WAV 48 KHz 16 में रिकॉर्ड करें। "अपने ऑडियो रिकॉर्डर को जाने" निर्देश पत्रक को पढ़ें।
8. रिकॉर्डिंग करते समय सुनने **हैडफ़ोन काम में लें**। रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता की जिम्मेदारी आपकी है।
9. रिकॉर्डिंग के लेवल की जाँच करें। **बिना विकृति** के ऊँची आवाज में रिकॉर्डिंग करें। विकृति को बाद में ठीक नहीं किया जा सकता है।
10. आवाज का फटना टालने लिए माइक्रोफोन को वॉइस ओवर व्यक्ति एक तरफ रखें।.
11. सुनिश्चित करें कि वाणी संवादात्मक हो और पढन मात्र न हो।
12. पहले एक प्रयोगात्मक रिकॉर्डिंग करें और पुरे कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग करने से पहले इसे फिर से सुने जिससे की आप निश्चिन्त हो जाय कि ऑडियो रिकॉर्डर ठीक से काम कर रहा है।
13. प्रत्येक वाणी खंड की अवधि आलेख पर अंकित समय के करीब होनी चाहिए, लम्बी तो कभी नहीं।
14. यदि रिकॉर्डिंग के समय कुछ गलती हुई है या ऊँचा कोलाहल है तो रिकॉर्डिंग बंद करें और फिर से रिकॉर्डिंग करें।
15. माइक्रोफोन को ट्राइपोड पर रखें, यदि आप माइक को हाथ में पकड़ते है तो शायद आपके हाथ से भी ध्वनि निकल सकती है।
16. रिकॉर्डिंग आरम्भ करने के लिए बटन दबायें, वाणी शुरू करने से पहले 2 -3 सेकंड का समय दें। इसी तरह खंड की समाप्ति पर भी रिकॉर्डिंग बंद करने के लिए बटन दबाने से पहले 2 - 3 सेकंड का समय दें। .
17. एक बार जब आप ने रिकॉर्डिंग ख़त्म कर ली है तो रिकॉर्डर की बैटरी की पावर बचाने के लिए स्विच ऑफ करें। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि आप के पास अतिरिक्त बैटरी है। .
18. यदि आप एक से अधिक कार्यक्रम रिकॉर्ड कर रहे है तो यह एक अच्छी आदत होगी कि दूसरा प्रोग्राम रिकॉर्ड करने से पूर्व पहले प्रोग्राम की कंप्यूटर पर कॉपी कर लें। इस तरह से काम करने से आपको यह ज्ञान रहेगा कि कौन सी फाइल किस प्रोग्राम की है। फाइल को एक फोल्डर में रखें जिसका नाम भाषा और प्रोग्राम के अनुसार हो।
19. यदि आप स्टूडियो में वाणी रिकॉर्ड कर रहे है तो स्टूडियो रिकॉर्डर पर भी इसी सिद्धांत को लागु करें। .
20. साउंड इंजीनियर को रिकॉर्डिंग के समय सदैव हैडफ़ोन को काम में लेने का कहें या स्वयं काम में लें।.
21. स्टूडियो छोड़ने से पहले सदैव रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता और अवधि की जाँच कर लें, आपके जाने के बाद किसी भी गलती को सुधारना और अधिक कठिन हो जायेगा।
22. यह एक श्रेष्ठ आदत है कि ऑडियो फाइल को प्रोग्राम के नाम, भाषा और शॉट नंबर के अनुसार फिर से नाम दिया जाय। किसी भी त्रुटि के लिए फाइल की दोहरी जाँच करें और हर शॉट की समय अवधि चेक करें , वो आलेख पर अंकित समय से अधिक न हो।.
23. एक्सेस एग्रीकल्चर को WAV फाइल भेजें या यदि आप सम्पादन में निपूर्ण है तो **"नई भाषा का संस्करण तैयार करने के लिए दिशा निर्देश"** देखें।

यादरखे **!**
प्रत्येक अवस्था में विस्तृत विवरण पर पूरा ध्यान दें।
सदैव गुणवत्तायुक्त कार्यक्रम बनाने का उद्देश्य रखें।

© Access Agriculture 2016